उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड प्रयागराज

पत्रांकः— 2155 /लि0प0(2021)/चयन/2021—22 दिनांक : 08.10.2021

विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्या 02/ 2021 प्रवक्ता की लिखित परीक्षा दिनांक 17 व 18 अगस्त 2021 को सम्पन्न हुई थी। लिखित परीक्षा के पश्चात उत्तर माला को वेबसाइट पर प्रदर्शित करके निर्धारित तिथि तक प्राप्त आपत्तियों का परीक्षण विषय विशेषज्ञों से कराने के उपरान्त उत्तरमाला अद्यतन कर अंतिम उत्तरमाला प्रदर्शित करते हुए प्रवक्ता नागरिक शास्त्र, भूगोल, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, इतिहास, हिन्दी, कृषि, शिक्षा शास्त्र, शारीरिक शिक्षा, वाणिज्य तथा संगीत (गायन) कुल 11 विषयों की लिखित परीक्षा का परिणाम बोर्ड द्वारा आज दिनांक 08.10.2021 को घोषित किया जाता है। अंतिम उत्तरमाला के सापेक्ष अब कोई आपत्ति ग्राह नहीं होगी। साक्षात्कार की तिथियां शीघ्र ही सूचित की जाएंगी।

08-10-2021

(नवल किशोर)
परीक्षा नियन्त्रक,
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज